सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति

राजभवन देहरादून में 'वसंतोत्सव' 7, 8 एवं 9 मार्च को आयोजित होगा।

वसंतोत्सव में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित हो – राज्यपाल।

राजभवन देहरादून 05 फरवरी, 2025

राजभवन देहरादून में हर वर्ष आयोजित होने वाला वसंतोत्सव इस वर्ष दिनांक 07 से 09 मार्च को आयोजित किया जाएगा। बुधवार को राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया। राज्यपाल ने कहा कि इस आयोजन में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए और इसके प्रचार–प्रसार को व्यापक किया जाए, ताकि प्रदेश के पुष्प उत्पादकों और महिला स्वयं सहायता समूहों को इससे अधिक लाभ मिल सके। उन्होंने वसंतोत्सव के माध्यम से फूल उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ ही उत्तराखण्ड के सगंध पौधों के प्रचार–प्रसार की आवश्यकता पर जोर दिया।

राज्यपाल ने निर्देश दिए कि पुष्प प्रदर्शनी को व्यावसायिक गतिविधियों से जोड़ने हेतु यहां के पुष्पों की न केवल प्रदेश में, बल्कि देशभर में मार्केटिंग की संभावनाओं को तलाशा जाए। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में आईएचएम और जीएमवीएन के सहयोग से फूड कोर्ट की व्यवस्था की जाए। फूड कोर्ट में विशेष रूप से पारंपरिक मोटे अनाज (मिलेट) आधारित व्यंजनों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि वसंतोत्सव के माध्यम से शहद उत्पादन को भी प्रोत्साहित किया जाएगा इसके लिए उन्होंने जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय को विशेष स्टॉल लगाने के निर्देश दिए।

राज्यपाल ने आयोजन के दौरान फीडबैक सिस्टम लागू करने पर जोर दिया, जिससे लोगों के सुझाव प्राप्त कर इस आयोजन को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। राज्यपाल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वसंतोत्सव–2025 की सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से पूरी की जाएं।

बैठक में अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि पुष्प प्रदर्शनी में 15 विभिन्न श्रेणियों में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी जिनमें 162 पुरस्कार दिए जाएंगे। वसंतोत्सव में आईटीबीपी, आईएमए, पीएसी, और होमगार्ड द्वारा आकर्षक बैंड के माध्यम से प्रस्तुतियां दी जाएंगी। सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

योगा, जूडो और मार्शल आर्ट से संबंधित प्रदर्शन भी इस दौरान होंगे। वसंतोत्सव में 5 वर्ष से 18 वर्ष आयु वर्ग के सभी स्कूली बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में विभिन्न अनाथालयों में रहने वाले बच्चों, दिव्यांग बच्चों तथा रैग पिकर्स बच्चों को भी शामिल किया जाएगा।

वसंतोत्सव में पहली बार लिलियम प्रदर्शनी को प्रतियोगिता में शामिल किया गया है, जिसके लिए तीन पुरस्कार दिए जाएंगे। वहीं हर वर्ष की भांति वेजिटेबल गार्डनिंग, बोनसाई गार्डनिंग,

हाइड्रोपोनिक खेती, टेरेरियम और शहद प्रसंस्करण से संबंधित प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जायेगी। व्यावसायिक, निजी पुष्प उत्पादकों सहित विभिन्न सरकारी उद्यानों की पुष्प प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता, पुष्प आधारित रंगोली प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी। पुष्प प्रदर्शनी, प्रतियोगिता हेतु विभिन्न श्रेणियों की कई प्रतियोगिताएं प्रस्तावित हैं, जिनमें कट फ्लावर, पॉटेड प्लांट अरेंजमेंट, लूज फ्लावर अरेंजमेंट, हैंगिंग पॉट्स जैसी प्रतियोगिताओं के साथ–साथ 'ऑन द स्पॉट फोटोग्राफी' भी आयोजित होगी।

इस बैठक में महानिदेशक होमगार्ड डॉ. पीवीके प्रसाद, सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, सचिव कृषि एवं कृषक कल्याण एस एन पाण्डेय, अपर सचिव श्री राज्यपाल स्वाति एस. भदौरिया, डीआईजी आईटीबीपी मनु महाराज, निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण दीप्ति सिंह, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय सहित पर्यटन, उद्यान, आई.टी.बी.पी, ओ.एन.जी.सी, आई.एच.एम, जी.एम.वी.एन, भारतीय डाक, वन विभाग, पुलिस तथा संस्कृति आदि विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

...........0............